सेवा समय		(शाम 6 बजे तक) के बीच सप्ताह के कुछ दिनों में उपलब्ध	
प्रकार	ऑनलाइन ऑफलाइन	ऑनलाइन ऑफलाइन	ऑनलाइन

डिजिटल भुगतान सूचकांक (DPI)

- रिज़र्व बैंक प्रभावी रूप से भुगतान के डिजिटलीकरण की सीमा पर नियंत्रण करने के लिए समय-समय पर एक समग्र डीपीआई का निर्माण और प्रकाशन करेगा।
- DPI कई मापदंडों पर आधारित होगी और यह विभिन्न डिजिटल भुगतान माध्यमों के प्रवेश और गहनता को सटीक रूप से दर्शाएगी।
- DPI को जुलाई 2020 से उपलब्ध कराया जा रहा है |

भारत में डिजिटल भुगतान से संबंधित समितियाँ

- रतन वातल समिति (2016)
- नंदन नीलेकणि समिति (2019)

16.2 डिजिटल भुगतान की प्रवृत्ति:

डिजिटल भुगतान में पिछले 5 वर्षों में क्रमशः मात्रा और मूल्य के संदर्भ में 61% और 19% की एक संयुक्त वार्षिक वृद्धि दर (CAGR) देखी गई। यह डिजिटल भुगतान की दिशा में एक मजबूत बदलाव को दर्शाता है।

स्वीकृत विकास कोष

स्वीकृत विकास कोष (ACCEPTANCE DEVELOPMENT FUND)

- हाल ही में, RBI ने डिजिटल रूप से लेन-देन करने के लिए ग्रामीण भारत में अंतिम-मील भुगतान नेटवर्क में सुधार करने के लिए स्वीकृत विकास कोष की स्थापना की घोषणा की।
- यह एक बैंक-प्रायोजित विकास निधि के रूप में केवल छोटे शहरों टियर III से टियर VI में और गांवों में विशेष रूप से भुगतान हेतु बुनियादी ढांचे में सुधार करने के लिए शुरू किया जाएगा, जहां पर अधिकांश दैनिक लेनदेन नकद में होते हैं।

डिजिटल प्रतिस्पर्धा सूचकांक

- आईएमडी विश्व प्रतिस्पर्धा केंद्र के द्वारा जारी की जाती है ।
- यह 2017 में शुरू किया गया था और व्यापार, सरकार और समाज में आर्थिक परिवर्तन के लिए एक प्रमुख चालक के रूप में डिजिटल प्रौद्योगिकियों को अपनाने और पता लगाने के लिए अर्थव्यवस्थाओं की क्षमता और तत्परता को मापता है।
- एक अर्थव्यवस्था का मूल्यांकन करने के लिए, वैश्विक डिजिटल प्रतिस्पर्धा सूचकांक तीन कारकों की जांच करता है: ज्ञान- नई तकनीकों को समझने और सीखने की क्षमता; प्रौद्योगिकी- नए डिजिटल नवाचारों को विकसित करने की क्षमता; और भविष्य की तत्परता- आने वाले घटनाक्रमों के लिए तैयारी।

17. डिजिटल भुगतान के लिए मंच

17.1 UPI और UPI 2.0



- UPI (यूनिफाइड पेमेंट इंटरफेस) भारतीय राष्ट्रीय भुगतान निगम द्वारा विकसित एक भुगतान प्रणाली है, जो स्मार्टफोन का उपयोग करके किसी भी दो बैंक खातों के बीच धन हस्तांतरण की अनुमति देता है। इसे अप्रैल 2016 में लॉन्च किया गया था |
- UPI एक ग्राहक को अलग-अलग व्यापारियों को क्रेडिट कार्ड विवरण, भारतीय वित्तीय प्रणाली कोड (IFSC), या नेट बैंकिंग / वॉलेट पासवर्ड **टाइप करने की परेशानी के बिना, एक बैंक खाते से सीधे भुगतान करने की अनुमति देता है** (Paytm के विपरीत जहां पैसा पहले वॉलेट में संग्रहीत किया जाता है) ।
- UPI आधारित ऐप के उदाहरण: BHIM (NPCI के), AxisPay, SBIBuddy आदि।